सुघ्घर पढ़वईया योजना

निरीक्षण दल हेतु अवलोकन निर्देशिका

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़

निरीक्षण दल के सदस्यों हेतु निर्देश

- निरीक्षण दल के सदस्यों को सर्वप्रथम पोर्टल पर अपलोड की गई जानकारियों का सूक्ष्मता से अध्ययन करना चाहिए ।
- निरीक्षण दल के सदस्यों को आपस में यह तय कर लेना चाहिए कि कौन सा सदस्य किस विषय की दक्षताओं का आकलन करेगा।
- निरीक्षण दल के सदस्यों को अवलोकन अंतर्गत आबंटित किए गए विषय की दक्षताओं एवं उन पर आधारित आकलन के उपकरणों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर उन पर आपस में चर्चा करनी चाहिए। आवश्यकता महसूस होने पर एससीईआरटी के विषय समन्वयकों से भी चर्चा की जा सकती है।
- निरीक्षण दल के सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि सैंपल टूल्स के आधार पर वे स्वयं भी दक्षता आधारित प्रश्नों का निर्माण कर सके।
- निरीक्षण दल विद्यालय अवलोकन पूर्व विद्यालय के प्रधान पाठक से चर्चा कर अवलोकन तिथि से अवगत करा देवें।
- निरीक्षण दल को अवलोकन प्रक्रिया तथा प्रमाणीकरण विषयक जानकारी सुस्पष्ट होनी चाहिए। जैसे कि –
    - कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों में हिंदी, गणित,अंग्रेजी की दक्षताओं की जांच की जाएगी।
    - कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों में हिंदी, गणित, अंग्रेजी एवं पर्यावरण विषय की दक्षताओं की जांच की जाएगी।
    - कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान की दक्षताओं की जांच की जाएगी।
    - शाला में दर्ज कुल विद्यार्थियों के संख्या की 98% उपस्थिति होने पर ही निरीक्षण दल द्वारा आकलन किया जाएगा।
    - विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का आकलन,कक्षा के लिए निर्धारित सभी अकादमिक दक्षताओं के लिये किया जायेगा।
    - प्रत्येक दक्षता में कक्षा की दर्ज संख्या का कम से कम 95% प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शन किये जाने पर ही अंक देय होंगे। यदि किसी दक्षता में 95% से कम विद्यार्थी ही सही प्रदर्शन कर पाते हैं तो उस दक्षता में 0 अंक प्राप्त होगा।
    - प्राप्तांकों का निर्धारण निम्नांकित सूत्र से किया जाएगा -

$$\text{प्राप्तांक} = \frac{\text{विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शित दक्षताओं की संख्या}}{\text{विद्यार्थियों में जांची जाने वाली कुल निर्धारित दक्षताओं की संख्या}} \times 100$$

प्राथमिक विद्यालय अवलोकन

कक्षा	विषय जिनमें दक्षताओं की जाँच की जानी है	जाँच की जाने वाली कुल निर्धारित दक्षताओं की संख्या	विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शित की गई दक्षताओं की संख्या
कक्षा-1	हिंदी, गणित,अंग्रेजी	5+5+5=15	
कक्षा-2	हिंदी, गणित,अंग्रेजी	4+6+5=15	
कक्षा-3	हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण	5+8+4+5=22	
कक्षा-4	हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण	4+7+4+5=20	
कक्षा-5	हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण	4+6+4+5=19	
योग		91	

$$\text{विद्यालय का प्राप्तांक \%} = \frac{\text{विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शित दक्षताओं की संख्या}}{\text{विद्यार्थियों में जांची जाने वाली कुल निर्धारित दक्षताओं की संख्या}} \times 100$$

उच्च प्राथमिक विद्यालय अवलोकन

कक्षा	विषय जिनमें दक्षताओं की जाँच की जानी है	जाँच की जाने वाली कुल निर्धारित दक्षताओं की संख्या	विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शित की गई दक्षताओं की संख्या
कक्षा-6	हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान	5+7+4+7+5=28	
कक्षा-7	हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान	5+7+4+5+5=26	
कक्षा-8	हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान	5+7+4+5+6=27	
योग		81	

$$\text{विद्यालय का प्राप्तांक \%} = \frac{\text{विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शित दक्षताओं की संख्या}}{\text{विद्यार्थियों में जांची जाने वाली कुल निर्धारित दक्षताओं की संख्या}} \times 100$$

- जब विद्यालय को 90% या इससे अधिक अंक प्राप्त होते हैं उस विद्यालय को सुघ्घर पढ़वईया प्लेटिनम स्कूल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
- यदि विद्यालय को 85% से अधिक किन्तु 90% से कम अंक प्राप्त होते है तो उसे सुघ्घर पढ़वईया गोल्ड स्कूल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
- यदि विद्यालय को 80% से अधिक किन्तु 85% से कम अंक प्राप्त होते है तो उसे सुघ्घर पढ़वईया सिल्वर स्कूल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
- प्रमाण पत्र प्राप्त विद्यालयों तथा उनके सभी शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस अथवा गणतंत्र दिवस पर प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा।

- यदि कोई विद्यालय केवल सिल्वर प्रमाण पत्र ही प्राप्त करता है तो ऐसे विद्यालय को गोल्ड अथवा प्लेटिनम प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें।
- निरीक्षण दल के सदस्य NICler तथा Telepractice App का उपयोग करते हुए जहाँ तक संभव हो विद्यार्थियों के आकलन का प्रयास करें।
- विकासखंड स्तर पर चयनित निरीक्षण दल के सदस्यों को उस विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी संकुलों तथा विद्यालयों के लिए मेंटोर की भूमिका निभानी है। अत: उनकी इस योजना से जुड़ें सभी पहलुओं पर समझ होना बेहद जरुरी है।
- निरीक्षण दल इस मानसिकता के साथ तैयार रहे कि आकलन की प्रक्रिया में एक या दो दिन से अधिक समय भी लग सकता है।
- आकलन के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ सौम्यता से व्यवहार करें।

========================xxxxxxxxx==========================